**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT I 2023-24**

**Grade:VII** **Marks : 40**
**Subject – Hindi** **Time:2 Hours**

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – खंड'क',खंड 'ख' , खंड 'ग' , खंड 'घ' |

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii) यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**खंड 'क'** **(12 अंक)**

**प्र 1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:** **(6 अंक)**

काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता कहा है | किंतु माता बनने से पहले यदि हम इन्हें बेटियों के रूप में देख ले तो क्या हर्ज है ? और थोड़ा आगे चलिए... इन्हीं में अगर हम प्रेयसी की भावना करें तो कैसा रहेगा ? ममता का एक और भी धागा है, जिसे हम इनके साथ ही जोड़ सकते हैं | बहन का स्थान कितने कवियों ने इन नदियों को दिया है | एक दिन मेरी भी ऐसी भावना हुई थी | थो-लिङ् (तिब्बत) की बात है | मन उचट गया था, तबीयत ढीली थी | सतलुज के किनारे जाकर बैठ गया | दोपहर का समय था | पैर लटका दिए पानी में | थोड़ी ही देर में उस प्रगतिशील जल ने असर डाला | तन और मन ताज़ा हो गया तो लगा मैं गुनगुनाने -

जय हो सतलज बहन तुम्हारी
लीला अचरज बहन तुम्हारी
हुआ मुदित मन हटा खुमारी
जाऊँ मैं तुम पर बलिहारी
तुम बेटी यह बाप हिमालय
चिंतित पर, चुपचाप हिमालय
प्रकृति नटी के चित्रित तट पर
अनुपम अद्भुत छाप हिमालय
जय हो सतलज बहन तुम्हारी !

1. काका कालेलकर ने नदियों को किस नाम से पुकारा है ? 1

(क) लोकमाता (ख) लोक गाथा
(ग) लोक कल्याणी (घ) लोककथा

2. लेखक किस नदी के किनारे बैठा था ? 1

(क) गंगा (ख) यमुना
(ग) सतलुज (घ) गोदावरी

3. लेखक ने सतलुज को क्या माना है ? 1

(क) माँ (ख) बहन
(ग) बेटी (घ) प्रेयसी

4. प्रगतिशील जल में पाँव डालने पर लेखक ने क्या महसूस किया ? 1

(क) वह थक गया | (ख) उसे आलस्य हो गया |

(ग) उसका तन-मन ताजा हो गया | (घ) उसका मन उचट गया |

5. लेखक कहाँ की बात कर रहा है ? 1

(क) तिब्बत (ख) नेपाल

(ग) हिमालय (घ) पर्वतीय स्थल

6. लेखक ने इसे सतलुज का बाप कहा है - 1

(क) काका कालेलकर को (ख) नदी को

(ग) हिमालय को (घ) तिब्बत को

**प्र 2. निम्नलिखित** काव्यांश को **पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:** **(6 अंक)**

कठपुतली
गुस्से में उबली
बोली – ये धागे
क्यों हैं मेरे पीछे – आगे ?
इन्हें तोड़ दो;
मुझे मेरे पाँवो पर छोड़ दो |

1. 'कठपुतली' शब्द का क्या अर्थ है ? 1

(क) काठ की पुतली (ख) कठ हुई पुतली

(ग) गांठ की पुतली (घ) काठ की गुड़िया

2. कठपुतली किससे बंधी हुई है ? 1

(क) धागे से (ख) कपड़े से

(ग) जीवन से (घ) दिए गए सभी

3. कठपुतली गुस्से से क्यों उबल पड़ी ? 1

(क) वह सोना चाहती थी | (ख) भाग जाना चाहती थी |

(ग) परतंत्रता से परेशान थी | (घ) इनमें से कोई नहीं |

4. कठपुतली धागे तोड़ने का आग्रह क्यों करती है ? 1

(क) आत्मनिर्भर होना चाहती हैं |

(ख) अपने पैरों पर चलना चाहती हैं |

(ग) पड़ोसियों से बातें करना चाहती हैं |

(घ) ऊँची उड़ान भरना चाहती हैं |

5. कठपुतली को किस बात का दुख था ? 1

(क) हरदम नाचने का (ख) दूसरे के इशारे पर नाचने का

(ग) धागे खिंचने का (घ) भाग जाने का

6. 'पाँव पर छोड़ दो' का अर्थ है - 1

(क) आत्मनिर्भर होना (ख) भूल जाना

(ग) पाँव में लगना (घ) कही छोड़ आना

**खंड 'ख'**

**प्र 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -** **(12 अंक)**

**निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए:**

1. संविधान में _______ भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई हैं | 1

   (क) ३४

   (ख) २२

   (ग) १२

   (घ) २०

2. 'त' वर्ग के वर्ण है - 1

   (क) त् थ् द् ध् न्

   (ख) त् थ् न् ध् न्

   (ग) त् न् थ् ध् न्

   (घ) त् ध् न् द् थ्

3. 'अध्यक्ष' शब्द है – 1

   (क)पुल्लिंग (ख)स्त्रीलिंग

4. 'में' तथा 'पर' विभक्ति चिह्न है - 1

   (क) कर्म कारक के

   (ख) संप्रदान कारक के

   (ग) अधिकरण कारक के

   (घ) कर्ता कारक के

5. 'चाँदी' है - 1

   (क) द्रव्यवाचक संज्ञा

   (ख) भाववाचक संज्ञा

   (ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा

   (घ) जातिवाचक संज्ञा

6. सर्वनाम शब्द प्रयुक्त होते हैं - 1

   (क) संज्ञा के स्थान पर

   (ख) विशेषण के स्थान पर

   (ग) क्रिया के स्थान पर

   (घ) अव्यय के स्थान पर

7. 'कमरा' शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए | 1

8. निम्नलिखित शब्द का वचन बदलकर लिखिए – डाली 1

9. मनोज बस से गाँव गया | 1

   (निम्नलिखित वाक्य से कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए)

10. कपड़ा मुलायम है | 1

    (निम्नलिखित वाक्य से विशेषण चुनिए और उसका भेद लिखिए | )

11. मैं कक्षा छठवीं में पढ़ता हूँ | 1

(निम्नलिखित वाक्य से सर्वनाम पहचानकर उसका भेद लिखिए )

12. विशेषण किसे कहते हैं ? 1

**खंड 'ग'**

**प्र 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (कोई 3)** **(6 अंक)**

1. हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?
2. हिमालय और समुद्र का रिश्ता लेखक ने ससुर और दामाद का क्यों बताया है ?
3. मिठाईवाला हर बार बच्चों के लिए ही सामान क्यों लाता था ?
4. खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी ?

**खंड 'घ'** **(10 अंक)**

**प्र 5. अपठित बोध :** **5**

**निम्नलिखित गदयांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

प्रत्येक नागरिक के कुछ कर्तव्य और अधिकार होते हैं | नागरिक का सबसे बड़ा कर्तव्य यह है कि वह अपने देश की सुरक्षा एवं शांति के लिए सदा प्रयत्नशील रहे | यदि देश पर कोई आक्रमण हो या देश की सुरक्षा एवं शांति खतरे में पड़े अथवा देश में कोई उपद्रव हो, तो उस समय वह बिना दुविधा में पड़े सरकार की सहायता करे | प्रजातंत्र में जनता की चुनी हुई सरकार होती है | इसलिए हर प्रकार से सरकार के हाथ मजबूत करने चाहिए | सरकार का काम धन से चलता है और धन सरकार को करो द्वारा प्राप्त होता है | अतः नागरिक का कर्तव्य है कि वह ईमानदारी से करो का भुगतान करें |

1. नागरिक का सबसे बड़ा कर्तव्य क्या है ? 1
2. प्रजातंत्र में कैसी सरकार होती है ? 1
3. सरकार को धन कहाँ से प्राप्त होता हैं ? 1
4. 'कमजोर' शब्द का विलोम शब्द गद्यांश से लिखिए ? 1
5. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए | 1

**प्र 6. निम्नलिखित विषय पर संवाद लेखन कीजिए :** **5**

विद्यालय की ओर से पिकनिक पर जाने की अनुमति लेने के लिए अभिषेक और पिता जी के बीच का संवाद लिखिए |